**अव्यवस्था** | वाहनों की एंट्री रुकी, उपार्जन केंद्र की बिगड़ी व्यवस्था

# सड़क तक लगी ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लंबी कतार





**शहपुरा, नवभारत 8 मई।** शहपुरा उपार्जन केंद्र में उस समय अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई, जब बड़ी संख्या में किसान अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर केंद्र पहुंच गए।

केंद्र के भीतर वाहनों की एंट्री बंद होने से सड़क तक लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगने से राहगीरों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, सुबह से ही किसान समर्थन मूल्य पर अनाज विक्रय करने उपार्जन केंद्र पहुंचने लगे थे, लेकिन केंद्र के भीतर पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहनों को अंदर प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। इसके चलते ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क किनारे खड़ी होती चली गईं और देखते ही देखते मुख्य मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई।

### किसान घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे

कई किसान घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम शहपुरा तत्काल उपार्जन केंद्र पहुंचे और मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र प्रभारी को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। एसडीएम ने वाहन चालकों को टोकन वितरण कर क्रमवार खरीदी सुनिश्चित करने के आदेश दिए, ताकि अव्यवस्था की स्थिति दोबारा निर्मित नहीं हो। इसके साथ ही किसानों और वाहन चालकों के लिए पेयजल एवं छाया की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



# करंजिया परिक्षेत्र में बुजुर्ग बाघिन की दस्तक

▶ वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**डिंडोरी, नवभारत 8 मई।** छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व की एक बुजुर्ग बाघिन इन दिनों डिंडोरी वनमंडल के पूर्व करंजिया परिक्षेत्र में विचरण करती हुई देखी जा रही है। वन विभाग द्वारा जंगलों में लगाए गए ट्रैप कैमरों में बाघिन की मौजूदगी दर्ज की गई है, जिसके बाद विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है।

जानकारी के अनुसार, उप संचालक अचानकमार टाइगर रिजर्व से हुई चर्चा में पुष्टि हुई है कि यह बाघिन अचानकमार टाइगर रिजर्व की ही है और उसकी उम्र लगभग 17 वर्ष बताई गई है। इसे रिजर्व की सबसे बुजुर्ग बाघिनों में माना जा रहा है। सामान्य वनमंडल डिंडोरी के वनमंडलाधिकारी ने जिलेवासियों, विशेष रूप से पूर्व करंजिया क्षेत्र के ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

### जंगल में लोग अकेले नहीं जाएं

उन्होंने कहा कि जंगल जाते समय लोग अकेले नहीं जाएं और मवेशियों को चराने या जंगल ले जाते समय दो-तीन लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर जाएं।वन विभाग लगातार बाघिन की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल वन अमले को देने की अपील की गई है।

# रयपुरा की बेटी शुभी ने बढ़ाया जिले का मान

▶ एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर ग्रामीण बेटियों के लिए बनी प्रेरणा



**शहपुरा, डिंडौरी, नवभारत 8 मई।** जिले की शहपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम रयपुरा की प्रतिभाशाली बेटी शुभी मरावी ने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार, ग्राम रयपुरा एवं पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

इस उपलब्धि को ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए प्रेरणादायक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और महिला चिकित्सकों के अभाव को शुभी ने बचपन से महसूस किया। इन्हीं परिस्थितियों ने उनके भीतर समाजसेवा की भावना को मजबूत किया और उन्होंने चिकित्सक बनकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। यही लक्ष्य और समर्पण उन्हें लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहा।

### मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है

शुभी की सफलता यह संदेश देती है कि स्पष्ट लक्ष्य, आत्मविश्वास और सतत मेहनत से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि आज ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। शुभी की माता रश्मि संध्या मरावी गृहणी हैं, जबकि उनके पिता जबलपुर में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। शुभी की शिक्षा एवं सफलता में उनकी माता का मार्गदर्शन, प्रेरणा और परिवार का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर की आवश्यक बैठक आज



**अमरपुर नवभारत।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर एवं कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग शहपुरा विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि 9 मई शनिवार को दोपहर 3:30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का आगमन होने जा रहा हैं। इस संदर्भ में डिंडौरी विधायक एवं जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह मरकाम के नेतृत्व में अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई हैं। बैठक में अजय सिंह कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

# 38 हजार से अधिक कीमत की शराब सहित स्कूटी जब्त

▶ आबकारी विभाग ने दर्ज किए अवैध शराब के 6 प्रकरण



**डिंडौरी, नवभारत 8 मई।** जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय की रोकथाम हेतु 7 मई को आबकारी विभाग द्वारा वृत्त बजाग एवं समनापुर क्षेत्र में विशेष कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब के 6 प्रकरण दर्ज किए गए।

कार्रवाई के दौरान आरोपी सागर कुमार के कब्जे से एक होंडा स्कूटी में परिवहन की जा रही 25 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 25 पाव रॉयल सिलेक्ट विदेशी मदिरा बरामद की गई। इसी प्रकार हीरा लाल से 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, शांति बाई से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, सूरज मरकाम से 8 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, बिगरो बाई से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब तथा सुभद्रा से 9 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद की गई।

**प्रकरण पंजीबद्ध कर की वैधानिक कार्रवाई**-कार्रवाई में कुल 25 पाव देशी मदिरा, 25 पाव विदेशी मदिरा, 41 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं लगभग 25 हजार रुपए मूल्य की होंडा स्कूटी जब्त की गई। बरामद सामग्री की अनुमानित कुल कीमत 38 हजार 575 रुपए बताई गई है। उक्त सभी प्रकरणों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।




## बिना हेलमेट वाहन चालकों पर कार्यवाही

▶ यातायात विभाग ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**चिल्हारी नवभारत 8 मई।** मानपुर में सड़क सुरक्षा को लेकर उमरिया पुलिश अधीक्षक बिजय कुमार भागवानी के आदेशानुसार यातायात प्रभारी ज्योति सुक्ला द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मानपुर में यातायात विभाग ने बिना हेलमेट वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर शिकंजा कसा है।

बिना परमिट के सवारी लेकर रोड में दौड़ने वाली विजय प्रकाश की बस को जब्त कर सुरक्षित ताला चौकी में खड़ा कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर सघन चेकिंग की गई। यातायात प्रभारी ज्योति सुक्ला ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

### वाहन चालकों को दी समझाइश

कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई है। वहीं, बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। इस अभियान से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में सकारात्मक असर देखने को मिल रहा।

# अवैध रेत में संलिप्त ट्रैक्टर ने तोड़ी घर की बाउंड्री

▶ पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत कर की कार्यवाही की मांग



**चिल्हारी नवभारत 8 मई।** मानपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित अवैध रेत चोरी में संलिप्त ट्रैक्टर द्वारा पूरी रात क्षेत्र में धमाचौकड़ी मचाई जाती है। इतना ही नहीं ड्राइवरों द्वारा मालिक के आदेश पर अवैध रेत लोड ट्रैक्टर को तेज रफ्तार से चलाया जाता है, जिससे क्षेत्र में दुर्घटना का सिलसिला बना रहता है।

जानकारी अनुसार पीड़ित मानपुर निवासी सुनील सिंह परिहार द्वारा बताया गया कि नीले कलर का ट्रैक्टर रात करीब 12 बजे के आस पास काफी तेज गति से आ रहा था जिसे हाइवे छोड़ सिंगुडी की तरफ जाना था लेकिन वाहन की गति तेज होने के कारण ड्राइवर ने अपना संतुलन खो बैठा और उक्त अवैध रेत लोड ट्रैक्टर वाहन घर की बाउंड्री में जा घुसा, जिससे बाउंड्री बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**पीड़ित ने की हर्जाना दिलाने की मांग**-जानकारी लगते ही जब मकान मालिक घर से बाहर निकला तब तक उक्त ट्रैक्टर मौके से भाग निकला, जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा मानपुर थाना में दर्ज कराई गई और कानूनी कार्यवाही करते हुए वाहन मालिक से बाउंड्री क्षतिग्रस्त का हर्जाना दिलाने का आग्रह किया गया।

### अवैध रेत परिवहन करते नाबालिग ड्राइवर पकड़ाया



**चिल्हारी नवभारत 8 मई।** नाबालिग ड्राइवर अभयराज बैगा रेत लोड कर पावरट्रेक ट्रैक्टर से लेकर जा रहा था, जो मानपुर एसडीएम हरनीत कौर कलसी की नजरों से नहीं बच पाया। एसडीएम ने टैक्टर जब्त मानपुर थाना में सुरक्षित खड़ा करवा दिया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

बिना दस्तावेज के नाबालिग चालक बेखौफ होकर वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाए होती हैं। मानपुर एसडीएम हरनीत कौर कलसी ने बताया कि गाड़ी जब्ती के समय नाबालिग चालक के पास रेत लोड करने के कोई दस्तावेज नहीं दिखाए। इस घटना से माइनिंग विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है। सूत्र बताते हैं कि गोवर्दे के चतुर्भुज महाराज के मन्दिर के बगल सोन नदी से रात-दिन अवैध रूप से करोड़ों रुपए की रेत निकाली जा रही है।

**माइनिंग विभाग की उदासीनता उजागर**-माइनिंग विभाग की उदासीनता के कारण शासन को लाखों रुपए के राजस्व का प्रतिदिन नुकसान हो रहा है। उमरिया जिला की नवागत कलेक्टर से मांग की गई है कि गोवर्दे के चतुर्भुज महराज के मन्दिर के बगल सोन नदी से निकाली गई रेत की जांच कर उचित कार्यवाही की जाए।



## खाते से ऑनलाइन लाखों रूपए निकालने वाला आरोपी गिरफ्तार

▶ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई उत्तराखंड से पकड़ा आरोपी

**नवभारत, कटनी।** मोबाइल हैक कर एक युवक के खाते से तीन लाख रूपए की ठगी करने वाले एक शातिर बदमाश को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 16 मार्च 2026 को कोतवाली थाना अंतर्गत मोतीबाग निवासी आशीष गौतम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पंजाब नेशनल बैंक शहडोल ब्रांच में खाता है। खाते से लिंक मोबाईल नंबर से फोन-पे चलाता हूं। उसके खाते में करीब तीन लाख रू की राशि थी जो अपनी बहन की शादी के लिए रखा था। मेरे खाते से अलग-अलग दिन और समय पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 2 लाख 96 हजार रूपए ऑनलाईन निकाल लिए गए है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान बैंक खाते के ट्रांजेक्शन के संबंध में जानकारी ली गई। जिस पर पता चला कि संदेहियों के खाते अलग-अलग स्थानों में संचालित होना पाए गए। आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित कर सायबर सेल की मदद से संदेह के आधार पर उत्तराखंड कौशलपुर से गुरमीत सिंह पिता दर्शन सिंह को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

**बैठक** | प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# नहर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए : बागरी




**डिंडौरी, नवभारत 8 मई।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग की राज्यमंत्री तथा डिंडौरी जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दरमियान प्रभारी मंत्री ने जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभाग के उपलब्ध बजट से राधोपुर जलाशय, बसनिया जलाशय एवं बिजौरा जलाशय सहित अन्य परियोजनाओं में किसानों की सिंचाई सुविधा हेतु नहर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बजट प्रस्ताव भेजने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### शिकायतों पर मांगा जवाब

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण आहार वितरण एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई। इसी प्रकार अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास, आश्रम एवं शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित योजनाओं को लेकर प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

प्रभारी मंत्री ने जल संसाधन विभाग एवं राष्ट्रीय सड़क प्राधिकरण के अधिकारियों के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने तथा कार्यों में गुणवत्ताहीनता एवं लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने एनआरएलएम विभाग द्वारा बैगा परियोजना में 5 करोड़ रुपए की राशि के उपयोग की समीक्षा करते हुए अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन एनआरएलएम प्रबंधक, ब्लॉक समन्वयक एवं लापरवाह अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# अधिकारियों से मांगे गए पुनर्गठन से संबंधित सुझाव

▶ मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की बैठक आयोजित



**नवभारत उमरिया 8 मई।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सुलभ और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की जिला एवं तहसील स्तरीय बैठक जिला पंचायत के बांधवगढ़ सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में आयोग के सदस्य पूर्व आईएएस एस एन मिश्रा, मुकेश शुक्ला तथा आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने प्रशासनिक पुनर्गठन और युक्तियुक्तकरण को लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी साझा की। इसके साथ ही उन्होंने बैठक के अंत में अधिकारियों से पुनर्गठन से संबंधित सुझाव आमंत्रित किए तथा उन्हें आयोग के समक्ष रखने पर सहमति प्रदान की।

### जनता को पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना प्राथमिकता

एसएन मिश्रा ने पीपीटी के माध्यम से बताते हुए स्पष्ट किया कि पुनर्गठन का उद्देश्य केवल नई प्रशासनिक इकाइयों का निर्माण नहीं, बल्कि जनता को सरल, त्वरित और पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना है। इसके तहत तहसील, विकासखंड और अन्य प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं, मुख्यालयों तथा पद संरचना का पुनर्मूल्यांकन किया जाना है।

### मूलभूत सुविधाओं को आधार बनाकर निर्णय लिए जाएंगे

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि भौगोलिक दूरी, यातायात सुविधा, जनसंख्या घनत्व, आदिवासी क्षेत्र, प्राकृतिक सीमाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को आधार बनाकर निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कलेक्टर को कार्यालय में किसी संस्था, समिति अथवा जनप्रतिनिधि से कोई सुझाव या प्रस्ताव प्राप्त होने पर उन प्रस्तावों की स्वयं जांच कराने, आयोग द्वारा निर्धारित प्रश्नावली के अनुरूप उन्हें पूर्ण जनसुविधा और प्रशासनिक सुगमता को केंद्र में रखकर होगा।